# साहित्य अकादमी में संकल्प पर्व का आयोजन

संस्कृति मंत्रालय 28 जून से 12 जुलाई के बीच स्वस्थ वातावरण और समृद्ध भारत बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्व मनाया गया। इसके अंतर्गत साहित्य अकादमी के रबिन्द्र भवन परिसर में 29 जून, 2 जुलाई, 7 जुलाई और 9 जुलाई के दौरान 34 औषधीय एवं फलदार वृक्षों को रोपित किया गया। संस्कृति मंत्रालय ने अपने सभी अधिनस्थ संस्थानों से आग्रह किया था कि वे संकल्प पर्व के दौरान उन पांच पेड़ों को लगाने की कोशिश करें जो देश की औषधीय विरासत को मजबूत बनाने वाले हैं। यह पांच पेड़ हैं आंवला, बेल, बरगद, पीपल और अशोक। साहित्य अकादमी के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संकल्प पर्व के अवसर पर अपने परिसर में इन पौधों को रोपित करते हुए यह संकल्प लिया कि इन पौधों की देखरेख बहुत सावधानी से की जाएगी। साहित्य अकादमी अपने



दिल्ली स्थित परिसर में पिछले कई वर्षों से इस तरह के वृक्षारोपण का आयोजन करती रही है। रोपित पौधों की देखभाल भी बेहतर ढंग से होने के कारण परिसर में आंवला, आम, नीम, बरगद, बेल के अलावा अन्य कई फलदार पेड़ खूब फल-फूल रहे हैं।